एक नजर में

रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली में दिव्यांग कर्मचारियों का सम्मान

ग्वालियर, 4 दिसंबर। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली में मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम द्वारा कारखाने में कार्यरत सभी 07 दिव्यांग कर्मचारियों का सम्मान किया गया। मुख्य कारखाना प्रबंधक ने सभी दिव्यांग कर्मचारियों को पर्यावरण जागरूकता के संदेश के साथ कपड़े का थैला एवं पेन भेंट किए तथा अपने कक्ष में ससम्मान बैठाकर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्य के दौरान आने वाली उनकी समस्त समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर ए.के. वर्मा, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर: डी. रहालकर, सहायक कार्य प्रबंधक: आर.के. हनोते, ए.सी.एम.टी तथा के.एल. मीणा, सहायक सामग्री प्रबंधक विशेष रूप से उपस्थित रहे। रेल स्प्रिंग कारखाना प्रबंधन द्वारा दिव्यांग कर्मचारियों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सहयोग का यह कदम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा।

मामूली विवाद पर पड़ोसिनें झगड़ी , मामला दर्ज

ग्वालियर, 4 दिसंबर। हजीरा थाना क्षेत्र के न्यू बस्ती चंदनपुरा रेशम मिल में पड़ोस में रहने वाली महिलाओं व युवतियों के बीच सिरफुटव्वल हो गई। झगड़ा मामूली कहा-सुनी से शुरु हुआ जो मारपीट में बदल गया। मारपीट में एक युवती के हाथ में चोट लगी है। घटना बीते रोज रात करीब 10:30 बजे की है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। हरवेश सिंह भदौरिया निवासी न्यू बस्ती, चंदनपुरा बिरला नगर के पड़ोस में रीना उर्फ पिंकी नाई रहती है। बीती रात करीब 10:30 बजे पिंकी नाई ने हरवेश से कुछ कह दिया जो उनकी बेटी आकांक्षा भदौरिया ने सुन लिया। पिता के साथ अभद्रता कर रही पिंकी नाई को आकांक्षा ने टोका तो पिंकी नाई उससे विवाद करने लगी। इसी दौरान पिंकी नाई की बेटी रीना नाई घर से बाहर निकल आई और आकांक्षा से लड़ाई करने लगी। बात इतनी बढ़ी कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। पिंकी और उसकी बेटी रीना नाई ने आकांक्षा के बाल पकड़ लिए और उसे जमीन पर पटककर मारपीट करने लगी। मारपीट से आकांक्षा के हाथ में चोट लग गई और खून बहने लगा। आस-पास रहने वाले अन्य लोगों ने जैसे-तैसे मामला शांत कराया। आकांक्षा रात को ही पुलिस थाने पहुंची और पिंकी नाई व उसकी बेटी रीना नाई के खिलाफ मामला कायम कराया।



अजाक्स ने टांट्या भील को पुण्यतिथि पर किया नमन

ग्वालियर। अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के तत्वावधान में अजाक्स कार्यालय 27 ए मेला ग्राउंड के सामने टांट्या भील पुण्यतिथि मनाने विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय मांझी पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त म.प्र. शासन थे कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि के साथ अजाक्स के समस्त पदाधिकारीयों ने महापुरुष टंट्या भील जी के चित्र पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय पूर्व मंत्री दर्जा प्राप्त विजय मांझी ने कहा टंट्या भील ने अपना पूरा जीवन गरीब, दबे-कुचले लोगो ंके लिये जीवन समर्पित किया। टंट्या भील को रॉबिन हुड के नाम से जाना जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के किसी पदाधिकारियों के साथ अन्याय अत्याचार होता हैं। हमें इस अन्याय अत्याचार को सहन नहीं करना है अन्याय अत्याचार का जवाब टंट्या भील मामा की तरह संघर्ष से देना हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय कुमार पिपरोलिया ने की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सबको भाईचारा बनाना होगा। संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण जाटव ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सबको अनुशासित रहकर अपने अधिकारों की माग करना हैं। संचालन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन डी मौर्य ने किया। आभार जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र जयंत ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अजाक्स जिलाध्यक्ष विजय कुमार पिपरोलिया वरिष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अतर सिंह जाटव, एन डी मौर्य जिला उपाध्यक्ष , वीरेंद्र जयंत, जिला कोषाध्यक्ष मनीराम काटोरिया, जिला महासचिव ओपी सिंह, जीएस गौतम, वीरेंद्र खटीक, सुजल, बसंत, महेश वर्मा मौजूद रहे।

आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर नमन करेगी कांग्रेस

ग्वालियर, 4 दिसंबर। संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 6 दिसंबर को 69वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सुबह 10 बजे फूलबाग स्थित अंबेडकर उद्यान में स्थापित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की जाएगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस , जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस , कांग्रेस सेवादल, एनएसयूआई, पार्षद, पूर्व पार्षद, कांग्रेस विभाग प्रकोष्ठ सहित समस्त काँग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक 7 दिसंबर को

ग्वालियर, 4 दिसंबर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रम, धरन प्रदर्शन, आंदोलन, संगठनात्मक गतिविधियां एवं एसआईआर फॉर्म भरने एवं जमा कराने के कार्य की प्रगति रिपोर्ट के साथ ही ग्वालियर की जनता के हितों के मुद्दे उठाने आदि को लेकर कांग्रेस जिला समन्वय समिति की बैठक दिनांक 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर आयोजित की गई है। बैठक में मप्र शासन के पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

यातायात उल्लंघन करने वाले टमटम चालकों के हुए चालान

ग्वालियर, 4 दिसंबर। शिफ्ट का उल्लंघन करने वाले टमटम चालकों के विरुद्ध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात/मध्य) अनु बेनीवाल व उप पुलिस अधीक्षक यातायात अजीत सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कम्पु द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। इस कार्यवाई में 25 टमटम चेक की गई तथा 11 टमटमों में कमी पाए जाने पर थाने पर खड़ी की गई और चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल चालान 11 व कुल 5500 रूपये की समन राशि अधिरोपति कर जमा कराई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह का कहना है कि इस प्रकार की मुहिम यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूध्द लगातार जारी है। जिला ग्वालियर पुलिस का आमजन को यह संदेश है कि यातायात नियमों का पालन करे।। उक्त कार्यवाही के दौरान, थाना यातायात कंपू प्रभारी निरी धनंजय शर्मा, सूबेदार राधाबल्लभ गुर्जर, सूबेदार प्रबल सिंह यादव एवं अन्य अधिकारी/कर्चमारी उपस्थित रहकर इस विशेष अभियान में अहम भूमिका निभाई गई।

निजामुद्दीन पहुंची छात्रा को डीसीटीआई ने आरपीएफ ग्वालियर को किया सुपुर्द

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 दिसम्बर उप मुख्य टिकट निरीक्षक (डीसीटीआई) वंदना मिश्रा गाड़ी संख्या 12650 में निजामुद्दीन से वीरांगना लक्ष्मीबाई के मध्य टिकट जांच ड्यूटी पर तैनात थीं। गाड़ी निजामुद्दीन स्टेशन से रवाना होने ही वाली थी तभी 12-13 वर्ष की एक स्कूली बच्ची, जो स्कूल

टिकट जांच कर्मी की मानवीय संवेदना, कर्तव्यनिष्ठा और सतर्कता से स्कूली बच्ची सकुशल अपने घर पहुँची

यूनिफॉर्म में स्कूल बैग के साथ थी, भागते हुए वह श्रीमती मिश्रा के पास पहुँची और घबराहट में पूछा— 'मैडम, यह कौन-सा रेलवे स्टेशन है?'

श्रीमती मिश्रा ने निजामुद्दीन स्टेशन होने की जानकारी देने पर बच्ची ने बताया कि वह भोपाल की रहने वाली है और स्कूल से छुट्टी के बाद घर जाने के लिए निकली थी, लेकिन पता नहीं कैसे निजामुद्दीन पहुँच गई। स्थितियों को समझते हुए श्रीमती मिश्रा ने तुरंत अपनी सतर्कता और मानवीय संवेदना का परिचय दिया। उन्होंने बच्ची (अनन्या) को अपने साथ-1 कोच में सुरक्षित स्थान पर बैठाया तथा टिकट जांच कार्य करते हुए भी लगातार उससे जानकारी लेती रहीं। इस दौरान उन्होंने बच्ची के परिजनों से फोन पर संपर्क कर उन्हें बच्ची के सुरक्षित होने की सूचना दी।

गाड़ी के ग्वालियर पहुँचने पर श्रीमती वंदना मिश्रा एवं उनकी टीम ने बच्ची को रेल सुरक्षा बल ग्वालियर के सुपुर्द किया, जहाँ आवश्यक कार्यवाही कर उसे सकुशल उसके माता-पिता तक पहुंचा दिया गया। बच्ची के सकुशल घर पहुँचने पर उसके परिवारजनों ने रेल प्रशासन, टिकट जांच कर्मियों और विशेष रूप से वंदना मिश्रा का हृदय से आभार व्यक्त किया। परिवार ने कहा कि

परिजनों ने कहा कि 'जिस सतर्कता, मानवीयता और संवेदनशीलता के साथ रेल कर्मियों ने हमारी बेटी की सहायता की, वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती। यदि श्रीमती वंदना मिश्रा समय पर ध्यान न देतीं, तो न जाने क्या हो जाता। हम रेल प्रशासन के सदैव ऋणी रहेंगे।'

मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अमन वर्मा ने इस अत्यंत मानवीय एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए श्रीमती वंदना मिश्रा और उनकी टीम की प्रशंसा की तथा उन्हें उपयुक्त पुरस्कार देने की अनुशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मियों के कारण ही भारतीय रेल की छवि एक जनसेवी, सुरक्षित और दायित्वनिष्ठ संस्था के रूप में और अधिक मजबूत होती है।

मनुष्य के जीवन में लय का संतुलन होना बहुत जरूरी है : प्रो . सहस्त्रबुद्धे

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 दिसम्बर आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर में वार्षिक समारोह एक्सेलसियर का आयोजन किया गया। जिसकी थीम 'रिदम ऑफएक्सीलेंस' थी। आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के सिथौली परिसर स्थित 'नाद एम्फी थियेटर' के खुले मंच पर स्कूल के बच्चों ने जहां एक ओर वाद्य यंत्रों से संगीत रूपी रस गंगा बहाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। वहीं क्लासिकल डांस, तेनालीराम और जूलियस सीजर नाटक की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेता और पटकथा लेखक इनामुलहक, राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय ग्वालियर की वाइस चांसलर प्रो. स्मिता सहस्त्रबुद्धे, क्लासिकल सिंगर भुवनेश कोमकली शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम ग्लोबल स्कूल की चेयरपर्सन रुचि सिंह, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह जी, आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, आईटीएम ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल मिस गीता एस., अनीता मित्तल सहित स्कूल के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रिंसिपल गीता एस. ने आईटीएम ग्लोबल स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर स्कूल में संचालित कार्यक्रमों एवं स्कूल की प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने क्लासिकल ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी। इसी तरह प्री-प्राइमरी के छात्र-छात्राओं ने अपने ही अंदाज में ग्रुप डांस किया।

वार्षिक समारोह एक्सेलसियर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय ग्वालियर की वाइस चांसलर प्रोफेसर स्मिता सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि मनुष्य के जीवन में लय का संतुलन होना बहुत जरूरी है। क्योंकि संतुलन बिगड़ते ही सबकुछ गड़बड़ हो जाता है।

बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए अभिनेता इनामुलहक ने कहा कि आप अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। यह न सोचें की वह अकेला है। उसे अकेला रहने दें, वह स्वयं ही अपने अकेले पन से दूर होने का रास्ता निकाल लेगा। मैंने भी अपने बेटे को कक्षा 8वीं तक मोबाइल नहीं दिया, घर में कई साल तक टीवी बंद रखा और सच मानिये वह उस समय बहुत क्रियेटिव था।

बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ भुवनेश कोमकली ने कहा कि बच्चों को कला के साथ में खेल से भी जोड़े रखिये, खेल उनके जीवन से उनकी परसनेलिटी से निगेटिव एनर्जी को दूर करेगा। उन्होंने कहा कि खेल का मतलब वीडियो गेम्स नहीं। जब पॉजिटिव एनर्जी होगी हमारी कलाओं को आप ठीक से समझेंगे।

आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान ने कहा कि पिछले तीन साल से स्कूल की हॉस्टल की बिल्डिंग का काम चल रहा था। आज मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस हॉस्टल में सात राज्यों के करीब 100 छात्र-छात्राएं रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब स्कूल शुरू हुआ था तब पहली साल 60 बच्चे थे अब यह नंबर 1100 पर पहुंच गया है।

अतिवर्षा से हुए नुकसान का मुआवजा पर संतोषजनक जबाव नहीं मिलने पर विधायक डॉ . सिकरवार ने विधानसभा से किया वॉकआउट

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 दिसम्बर. ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस डॉ. सतीश सिकरवार ने आज विधानसभा में किसानों को अतिवृष्टि से हुये फसल नुकसान में मिलने वाले मुआवजों में होने वाली अनियमितताओं को लेकर सवाल उठाये। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि वर्तमान वर्ष 2025 में अतिवर्षा के कारण प्रदेश के कई जिलों में किसानों को फसल का नुकसान हुआ है। क्या सरकार द्वारा किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा दिये जाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों को प्रति हेक्टेयर भूमि के मान से कितनी राशि का मुआवजा दिया जावेगा। ग्वालियर-चम्बल संभाग के कितने गांवों का फसल नुकसान हेतु सर्वे कराया गया है। विधायक डॉ. सिकरवार के सवाल के जबाब में विभाग के मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा दिये गया। जिस पर विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि मंत्री द्वारा दिये गये जबाब संतोषजनक नहीं है, शासन द्वारा गलत आकडें विधानसभा में दिये गये है। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि श्योपुर एवं मुरैना में मुआवजा राशि की कार्यवाही प्रक्रियाधीन बताई गई है, जिसमें कब तक मुआवजा दिया जायेगा कोई समय सीमा नहीं बताई गई है। जिससे किसानों की चिंता और बढ़ती है। सरकार के इस असंतोषजनक और अपूर्ण जवाब पर विधायक डॉ. सिकरवार ने सदन में अपना विरोध दर्ज करवाया और अन्नदाताओं की आवाज दबने न देने के संकल्प के साथ सदन से वॉकआउट किया। विधायक डॉ. सिकरवार ने विधानसभा में अपनी मांग रखते हुये कहा कि अतिवृष्टि से हुए वास्तविक नुकसान का पुन: सर्वे किया जाए।

सिंधिया स्कूल में इंट्रा स्कूल मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 दिसम्बर. सिंधिया स्कूल दुर्ग परिसर में दो दिवसीय सिंधिया इंट्रा स्कूल मॉडल यूनाइटेड नेशंस 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिससे छात्रों को वैश्विक कूटनीति और महत्वपूर्ण नीति निर्माण में भाग लेने के लिए एक मंच मिला। इस कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा संगीत की रंगारंग प्रस्तुति से हुई।

इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के प्रसिद्ध वकील और स्कूल के गौरवशाली पूर्व छात्र आदित्य शंकर प्रसाद उपस्थित थे, जिन्होंने नेतृत्व, कानूनी जागरूकता और वैश्विक नागरिकता पर एक प्रेरक संदेश के साथ प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

इस आयोजन में पाँच विविध और बौद्धिक रूप से प्रेरक समितियाँ शामिल थीं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने वैश्विक शांति बनाए रखने के लिए आधुनिक युद्ध में गैर-राज्य सशस्त्र समूहों और निजी सैन्य कंपनियों के नियंत्रण पर बहस की। संयुक्त राष्ट्र महिला (यूएनडब्ल्यू) ने समावेशी समाज सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के लिए समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नेतृत्व के अवसरों को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया।

इस आयोजन में पाँच विविध और बौद्धिक रूप से प्रेरक समितियाँ शामिल थीं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने वैश्विक शांति बनाए रखने के लिए आधुनिक युद्ध में गैर-राज्य सशस्त्र समूहों और निजी सैन्य कंपनियों के नियंत्रण पर बहस की। संयुक्त राष्ट्र महिला (यूएनडब्ल्यू) ने समावेशी समाज सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं के लिए समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व और नेतृत्व के अवसरों को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम (यूएनओडीसी) ने डार्क वेब नेक्सस और अंतरराष्ट्रीय अपराध को सक्षम करने वाले वित्तीय नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया। लोकसभा में, प्रतिनिधियों ने इस संवेदनशील और राष्ट्रीय रूप से महत्वपूर्ण प्रश्न की जाँच की कि क्या भारत को समान नागरिक संहिता लागू करनी चाहिए - इस पर चर्चा करते हुए कि क्या यह समानता को मजबूत करेगा या सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता को कमजोर करेगा। सिंधिया इंट्रा स्कूल एमयूएन 2025, भविष्य के जागरूक, सुवक्ता और ज़िम्मेदार नेताओं को विकसित करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का एक गौरवपूर्ण प्रतिबिंब था, जो एक बेहतर दुनिया को आकार देने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय सिंह, उप प्राचार्या स्मिता चतुर्वेदी सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी ने मनाया नौसेना दिवस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 4 दिसम्बर 3 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, ग्वालियर द्वारा गुरूवार को नौसेना दिवस ब्रिगेडियर अनिल जेठालिया के मार्गदर्शन तथा कमांडर- एट-आर्म दीपक सिंह भदौरिया के निर्देशन में बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ यूनिट परिसर में एवं एमएलबी कॉलेज फ्लेग पोस्ट पर मनाया गया।

कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स द्वारा देशभक्ति नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, मार्शल आर्ट तथा कलारीपयट्टू के प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने अनुशासन, साहस और राष्ट्रीय गौरव का उत्कृष्ट संदेश दिया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के भूतपूर्व सैनिको को उनके योगदान और सेवा कार्य के प्रति आभार प्रकट किया गया।

यूनिट परिसर में आयोजित समारोह के पश्चात इसी कार्यक्रम का आयोजन एमएलबी फ्लैग पोस्ट पर भी किया गया, जहाँ एनसीसी कैडेट्स ने मार्शल आर्ट, कलारीपयट्टू, साथ ही एसएएफ स्टाफ के सहयोग से एसएएफ बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, शिप मॉडल प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो भारतीय नौसेना की समुद्री विरासत को दर्शाती है।

यह सम्पूर्ण कार्यक्रम भारतीय नौसेना के गौरव और उसकी आदर्श परंपराओं के प्रति सम्मान तथा एनसीसी कैडेट्स की समर्पित भावना को दर्शाता है। भारतीय सेना में नेवी का बड़ी अहम भूमिका है। समुद्री सीमाओं की रक्षा और दुश्मनों को नाको चने चवबाने में नेवी ने खास भूमिका निभाई है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर कलेक्टर रूचिका चैहान एवं ग्वालियर नगर निगम कमिश्नर संघप्रिय, ग्वालियर एडिशनल कमिश्नर टी प्रतीक राव, पार्षद बलबीर सिंह तोमर, नगर निगम पीआरओ मधु सोलापुरकर, जिला अध्यक्ष जय प्रकाश राजोरिया, एग्रीकल्चर कल्चर कॉलेज ग्वालियर डीन डॉक्टर सुरेंद्र सिंह तोमर ,ए एन ओ ऋतु भार्गव उपस्थित रहीं। इसके साथ ही एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के समस्त अधिकारी एवं सभी यूनिटों के कमान अधिकारी, एडम अधिकारी एनसीसी सिविल स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

गंदगी करने वाले दुकानदारों पर किया गया जुर्माना

ग्वालियर , 4 दिसम्बर । शहर में स्वच्छता बनाए रखने हेतु नगर निगम ग्वालियर द्वारा शहर में गंदगी एवं कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर आज दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान की टीम द्वारा वार्ड क्र. 43 के अंतर्गत दही मण्डी में महावीर डेयरी द्वारा बाहर कचरा फेंकने पर 3000 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया, साथ ही उनको डस्टबिन रखने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही वार्ड क्र. 46 में खुले में थूककर रेड स्पॉट करने पर 1000 रुपए का जुर्माना किया गया। इस तरह कुल 4000 की जुर्माना राशि वसूल की गई। नगर निगम ग्वालियर आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार कु. कृष्णा गुप्ता पुत्री श्री दिनेश गुप्ता जाति वैश्य निवासी मजिस्ट्रेट के पास, कराहल, तहसील कराहल, जिला श्योपुर, म.प्र. के द्वारा बताया गया है कि मेरा सही नाम कृष्णा गुप्ता है व मेरी जन्म दिनांक 18.03.2007 है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम क्रस्ना गुप्ता अंकित किया गया है व जन्म 12.05.2005 अंकित की गई है। इस आधार पर नाम व जन्म दिनांक में त्रुटि उत्पन्न हो गई है। मेरा सही नाम कृष्णा गुप्ता व जन्म दिनांक 18.03.2007 है जो आधार कार्ड के अलावा अन्य सभी दस्तावेजों में सही अंकित है। आधार कार्ड के आधार पर मेरा नाम व जन्म दिनांक नहीं पढ़ा जावे मेरे जन्म प्रमाण पत्र, अंक सूची आदि दस्तावेजों के आधार पर मेरा सही नाम कृष्णा गुप्ता व जन्म दिनांक 18.03.2007 पढ़ा जावे। व अंकित किया जावे, सही नाम कृष्णा गुप्ता व जन्म दिनांक हेतु आम खास को सूचित हो। दिनांक-04-12-2025

प्रार्थिनी

कु. कृष्णा गुप्ता पुत्री श्री दिनेश गुप्ता

निवासी- ग्राम मजिस्ट्रेट के पास कराहल, तहसील कराहल, जिला श्योपुर, (म.प्र.)

द्वारा अभिभाषक- त्रिलोक बंसल

जिला न्यायालय, श्योपुर (म.प्र.)

कार्यालय व निवास- जवाहर कॉलोनी, कराहल, तहसील- कराहल, जिला- श्योपुर (म.प्र.)

मो. 7354000350

फॉर्म नं. यूआरसी-2

अधिनियम के अध्याय XXI के भाग I के तहत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4 (1) के अनुसार]

1. इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, इसके पंद्रह दिनों के बाद लेकिन इसके बाद तीस दिनों की समाप्ति से पहले केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी) के रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है: मेसर्स जगन्नाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी (M/s Jagannath Construction Company) एक साझेदारी फर्म है, एक व्यावसायिक इकाई को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं:- सिविल ठेकेदारों, सरकारी ठेकेदार, सिविल इंजीनियर, बिल्डरों और डेवलपर्स के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए, अन्य बातों के अलावा, ठेकेदारों, असैनिक काम, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स, एस्टेट डेवलपर्स के रूप में।

3. प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन की एक प्रति का निरीक्षण ए- 27, रामदयाल नगर, भिण्ड रोड, डीडी नगर, ग्वालियर - 474005 स्थित कार्यालय में किया जा सकता है।

4. इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि इस आवेदन पर आपत्ति करने वाला कोई भी व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6,7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड- 122050 के रजिस्ट्रार को लिखित रूप में अपनी आपत्ति बता सकता है, साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी भेज सकता है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान घनश्याम झा पुत्र श्री रामसेवक एवं कमल किशोर पुत्र श्री घनश्याम झा ने एक अचल संपत्ति जिसका प्लॉट क्र. 04, बद्री विशाल कॉलोनी ,वार्ड नंबर 62, बालाजी पुरम के पीछे ग्राम व तहसील मुरार एव जिला ग्वालियर के सर्वे क्र. 273/1 की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- प्लाट क्र. 09, पश्चिम में- कॉलोनी रोड , उत्तर में- प्लाट क्र. 05, दक्षिण में- प्लाट क्र. 03 व कुल क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान सिकंदर सिंह पुत्र स्व. श्री नन्दराम के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमती रामकली पत्नी स्व: श्री नंदराम, सिकंदर सिंह, भजना पुत्रगण स्व. श्री नंदराम, विमला पुत्री स्व. श्री नंदराम के स्वत्व, स्वामित्व व संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है, जिसमें श्रीमती रामकली के देहांत पश्चात् उनके क़ानूनी वारिस अर्थात सिकंदर सिंह, भजना एवं विमला के नाम राजस्व विभाग में दर्ज किये गए। तदानुसार उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्रीमान सिकंदर सिंह पुत्र स्व. श्री नंदराम द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 04.12.2025

प्रेषक- विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)

कार्यालय -'मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट' ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर

मो.9826820987

NAME CHANGE

I, hitherto Known as **PINKI SHOREE** Alias **PINKI SHARMA** D/O **AJAY KUMAR SHARMA** W/O **SHAILENDRA SHOREE** R/O House No. 329, Street No. L-7, Guru Teg Bhadur Nagar, Lalhariroad Khanna, Khanna ludhiana Punjab - 141401 have changed my name and shall hereafter be known as **PINKI SHOREE.**

उपनाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मै **दिनेश लोहिया** पुत्र श्री हरि सिंह लोहिया निवासी- जी-29, पीताम्बरा एस्टेट फेस 2 गोले का मन्दिर इंद्रमणि नगर, मुरार ग्वालियर (म.प्र.) यह कि मुझ प्रार्थी के शैक्षिणक दस्तावेजों में नाम **दिनेश कुमार लोहिया DINESH KUMAR LOHIYA** अंकित है। जबकि अब मैने अपना नाम **दिनेश कुमार लोहिया DINESH KUMAR LOHIYA** के स्थान पर **दिनेश लोहिया DINESH LOHIYA** रख लिया है। अत: अब मुझे भविष्य में **दिनेश लोहिया DINESH LOHIYA** के नाम से ही जाना एवं पहचाना जायें।

प्रार्थी

नाम - दिनेश लोहिया,पुत्र श्री- हरि सिंह लोहिया जी-29, पीताम्बरा एस्टेट फेस-2, गोले का मन्दिर इंद्रमणि नगर, मुरार ग्वालियर (म.प्र.)

जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन



हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

डॉ. विनोद जैन 9425360508

पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर

गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर

पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक

DR. DINESH KUMAR

M.B.B.S., PGDS, FSPT

SEXYOLOGIST

गुप्त रोग विशेषज्ञ

नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज

2000 से अधिक रोगियों का विश्वास

पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर

संपर्क करें-9090848460